कलेक्टर ने जिला अस्पताल का किया निरीक्षण स्वास्थ्य सेवा और व्यवस्थाओं का लिया जायजा

सिवनी, देशबन्धु । कलेक्टर अंजू अरुण कुमार ने बुधवार को जिला चिकित्सालय का निरीक्षण कर मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सेवाओं, चिकित्सकीय व्यवस्थाओं एवं आवश्यक सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने ओपीडी पंजीयन, चिकित्सकों एवं पैरामेडिकल स्टाफ की उपस्थिति, आवश्यक दवाइयों की उपलब्धता सहित विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति का अवलोकन किया।



निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्रीमती अंजू अरुण कुमार ने जिला चिकित्सालय के ओपीडी, ऑपरेशन थिएटर (ओटी), शिशु वार्ड, पोषण पुनर्वास केंद्र (एनआरसी), एसएनसीयू, एनसीडी, जनरल वार्ड, ईएनटी सहित विभिन्न वार्डों का भ्रमण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं चिकित्सकों से वार्डवार उपलब्ध सुविधाओं, मरीजों की संख्या, उपचार व्यवस्था एवं आवश्यक संसाधनों की जानकारी ली तथा व्यवस्थाओं को बेहतर बनाए रखने के निर्देश दिए।

कलेक्टर अंजू अरुण कुमार ने विभिन्न वार्डों में भर्ती मरीजों एवं उनके परिजनों से सीधे चर्चा कर उन्हें मिल रही स्वास्थ्य सुविधाओं के संबंध में फीडबैक लिया। उन्होंने मरीजों से चिकित्सकों द्वारा किए जा रहे उपचार, दवाइयों की उपलब्धता, जांच सुविधाओं, भोजन एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली। मरीजों द्वारा बताई गई आवश्यकताओं एवं सुझावों पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए।

कलेक्टर अंजू अरुण कुमार ने चिकित्सालय में उपलब्ध दवाइयों का भी अवलोकन किया। उन्होंने आवश्यक दवाइयों की उपलब्धता की नियमित समीक्षा करने तथा मरीजों को शासन के प्रावधानों के अनुसार दवाइयां उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साथ ही दवाइयों के भंडारण एवं वितरण व्यवस्था को व्यवस्थित रखने और आवश्यकता के अनुसार समय पर मांग प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान सिविल सर्जन सह अस्पताल अधीक्षक डॉ. विनोद नावकर, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पंकज दुबे सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं चिकित्सक उपस्थित रहे।

दीपोत्सव आजीविका संगम मेले का आयोजन 5 और 6 को

सिवनी, देशबन्धु । कलेक्टर श्रीमती अंजू अरुण कुमार के मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, जिला पंचायत सिवनी के तत्वावधान में 5 एवं 6 नवंबर 2026 को जनपद पंचायत सिवनी के प्रांगण में दो दिवसीय दीपोत्सव आजीविका संगम मेले का आयोजन किया जा रहा है। मेले का उद्देश्य स्व-सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं द्वारा तैयार किए जा रहे स्थानीय उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराना तथा उनके उत्पादों को व्यापक स्तर पर प्रोत्साहित करना है। मेले में स्व-सहायता समूहों द्वारा तैयार विभिन्न उत्पादों की प्रदर्शनी एवं विक्रय किया जाएगा।

मेले में विभिन्न प्रकार के फूड स्टॉल, आकर्षक रंगोली, कलात्मक दीपक, वस्त्र, झालर एवं सजावटी सामग्री सहित विभिन्न घरेलू उपयोग की सामग्री उपलब्ध रहेगी। नागरिकों को दीपावली के अवसर पर स्व-सहायता समूहों द्वारा तैयार उत्पादों की खरीदारी करने का अवसर मिलेगा।

जिला प्रशासन द्वारा जिले के नागरिकों से अपील की गई है कि वे अधिक से अधिक संख्या में मेले में पहुंचकर स्व-सहायता समूहों द्वारा तैयार उत्पादों का क्रय करें तथा समूह की महिलाओं का उत्साहवर्धन करते हुए दीपोत्सव आजीविका संगम मेले को सफल बनाने में सहभागी बनें।

मासूम से दुष्कर्म का प्रयास, आरोपी गिरफ्तार

सिवनी, देशबन्धु । कान्हीवाड़ा थाना क्षेत्र के एक गांव में सोमवार दोपहर छह साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म की कोशिश की गई। पड़ोस में रहने वाला व्यक्ति उसे बहाने से अपने घर ले गया था।

बच्ची किसी तरह वहां से निकलकर घर पहुंची और परिजनों को घटना बताई। शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। घटना की जानकारी मंगलवार शाम को सामने आई।

पुलिस के मुताबिक, बच्ची सोमवार दोपहर घर के पास खेल रही थी। इसी दौरान पड़ोस में रहने वाला व्यक्ति उसे अपने घर ले गया और उसके साथ दुष्कर्म करने की कोशिश की। बच्ची वहां से भागने में सफल रही। घर पहुंचकर उसने परिजनों को पूरी बात बताई।

परिजन बच्ची को लेकर कान्हीवाड़ा थाने पहुंचे और आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी की तलाश की और उसे गिरफ्तार कर लिया।

कान्हीवाड़ा थाना प्रभारी शिवशंकर रामटेकर ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई



के बाद न्यायालय में पेश किया गया। वहां से उसे जेल भेज दिया गया।

एएसपी दीपक मिश्रा ने भी आरोपी की गिरफ्तारी और न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजे जाने की पुष्टि की। उन्होंने बताया कि आरोपी के खिलाफ पहले भी अन्य अपराधों के मामले दर्ज रहे हैं और वह जेल जा चुका है।

पुलिस मामले में आगे की वैधानिक कार्रवाई कर रही है। बच्ची की पहचान और उससे जुड़ी निजी जानकारी गोपनीय रखी गई है।

सार-समाचार

पुलिस ने 5 दुर्गा उत्सव समितियों को किया सम्मानित, थाना प्रभारी ने दिए पुरस्कार



छपारा, देशबन्धु। नवरात्रि पर्व के दौरान बेहतर व्यवस्था, अनुशासन और समय पर प्रतिमा विसर्जन करने वाली पांच दुर्गा उत्सव समितियों को छपारा पुलिस द्वारा सम्मानित किया गया मंगलवार को थाना परिसर में आयोजित कार्यक्रम में थाना प्रभारी खेमेन्द्र जैतवार ने चयनित समितियों के सदस्यों को स्मृति चिन्ह और पुरस्कार राशि प्रदान की। सम्मानित समितियों में प्रथम स्थान पर श्री सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति शंकर मढ़िया को 3 हजार रुपये, द्वितीय स्थान पर सार्वजनिक दुर्गा पूजा उत्सव समिति शिव मंदिर तकिया वार्ड को 2500 रुपये तथा तृतीय स्थान पर सार्वजनिक दुर्गा पूजा उत्सव समिति झंडा चौक को 2 हजार रुपये की पुरस्कार राशि दी गई। वहीं चौथे स्थान पर नवचेतना दुर्गा उत्सव समिति महिला मंडल, महाराणा प्रताप वार्ड और पांचवें स्थान पर नवोदित मंडल सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति का चयन किया गया। पांचवें स्थान की समिति को 1 हजार रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान की गई। थाना प्रभारी ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य धार्मिक आयोजनों के दौरान बेहतर व्यवस्थाओं, सुरक्षा, अनुशासन और आपसी सहयोग को प्रोत्साहित करना है।

बीए प्रथम वर्ष के बिगड़े परीक्षा परिणाम को लेकर एनएसयूआई का प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन



छपारा, देशबन्धु । शासकीय महाविद्यालय छपारा के बीए प्रथम वर्ष के परीक्षा परिणाम में हुई गड़बड़ी एवं वेबसाइट पर त्रुटिपूर्ण परिणाम अपलोड होने के विरोध में ह्स्ड्ब कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन कर कुलपति के नाम ज्ञापन सौंपा। एनएसयूआई जिला प्रभारी साजिद खान के नेतृत्व में किए गए इस प्रदर्शन में कार्यकर्ताओं एवं विद्यार्थियों ने आरोप लगाया कि विश्वविद्यालय द्वारा जारी किए गए परिणाम में गंभीर त्रुटियां हैं। परिणाम में गड़बड़ी से विद्यार्थियों के भविष्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। एनएसयूआई ने मांग की है कि विश्वविद्यालय प्रशासन इस मामले को गंभीरता से लेते हुए निष्पक्ष जांच कराए तथा परीक्षा परिणाम में हुई सभी त्रुटियों को शीघ्र सुधार कर संशोधित परिणाम जारी किया जाए, ताकि किसी भी विद्यार्थी का भविष्य प्रभावित न हो। ज्ञापन सौंपने के दौरान ह्स्ड्ब ब्लॉक प्रभारी लखन राजपूत, शासकीय महाविद्यालय अध्यक्ष सना खान, टीना साहू, भूमि आवड़िया, उज्जवल ठाकुर, अमन खान, कृष्णा राठौर, महजबीन खान सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

श्री देव मुरलीधर विद्यालय में आयोजित विधिक जागरुकता शिविर

विद्यार्थियों को दी कानूनी की जानकारी

गोटेगांव, देशबन्धु। विद्यार्थियों को वर्तमान समय में लागू नए कानूनों, अपने अधिकारों और कानूनी संरक्षण की जानकारी होना अत्यंत आवश्यक है। जागरूक विद्यार्थी ही सुरक्षित समाज और जिम्मेदार नागरिक की मजबूत नींव बन सकते हैं। यह बात सिविल कोर्ट गोटेगांव की न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रियम्बदा राजोरिया ने श्री देव मुरलीधर विद्यालय में आयोजित विधिक जागरूकता कार्यक्रम में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कही।

बाल शिक्षा समिति गोटेगांव द्वारा विगत 46 वर्षों से संचालित प्रतिष्ठित एवं गैर व्यावसायिक शैक्षणिक संस्था श्री देव मुरलीधर विद्यालय में 4 नवंबर को अखिल भारतीय जागरूकता अभियान के अंतर्गत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नरसिंहपुर द्वारा सुरक्षित बचपन अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं तहसील विधिक सेवा समिति की अध्यक्ष प्रियम्बदा राजोरिया तथा बाल कल्याण समिति नरसिंहपुर के अमृतांश दुबे उपस्थित रहे।



कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के पूजन एवं विद्यालय के संस्थापक डॉ. रणजीत दत्त की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ किया गया। इस अवसर पर बाल शिक्षा समिति के अध्यक्ष पंकज जैन, सचिव बी.डी. सोनी, सहसचिव आनंद अग्रवाल एवं प्राचार्य शिवशंकर पाठक ने न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रियम्बदा राजोरिया का पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया। अपने संबोधन में न्यायिक मजिस्ट्रेट राजोरिया ने विद्यार्थियों को नए आपराधिक कानूनों, व्यक्तिगत एवं ऑनलाइन सुरक्षा, साइबर अपराधों से बचाव, शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया, निःशुल्क विधिक सहायता तथा बाल संरक्षण से जुड़े महत्वपूर्ण प्रावधानों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बच्चों को अपने कानूनी अधिकारों के प्रति सजग रहना चाहिए तथा किसी भी प्रकार की परेशानी, शोषण अथवा ऑनलाइन धोखाधड़ी की स्थिति में चुप रहने के बजाय उचित माध्यम से शिकायत करना चाहिए। बाल कल्याण समिति के अमृतांश दुबे ने भी बच्चों के संरक्षण, सुरक्षा और उनके अधिकारों से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में कानूनी जागरूकता बढ़ाना तथा उन्हें सुरक्षित वातावरण के प्रति सजग बनाना रहा।

ब्रिक्स सतत जीवन शैली सप्ताह के अंतर्गत आयोजित कार्यशाला में जल संरक्षण के बारे में दी जानकारी

गोटेगांव, देशबन्धु । पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में मनाए जा रहे 'ब्रिक्स सतत जीवन शैली सप्ताह' के अंतर्गत 4 नवंबर 2026 (बुधवार) को शासकीय हाई स्कूल देवनगर (पुराना) में एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों और शिक्षकों में जल संरक्षण तथा जल के उचित उपयोग के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। कार्यशाला के दौरान विद्यालय में 'वाटर ऑडिट' (जल लेखा परीक्षा) गतिविधि संपन्न की गई, जिसका उद्देश्य विद्यालय परिसर में जल की उपलब्धता, उसके उपयोग और अपव्यय की स्थिति का बारीकी से निरीक्षण करना और जल संरक्षण की प्रभावी आदतों को अपनाना था।



कार्यशाला की मुख्य विशेषताएँ: जल उपयोग का निरीक्षण: विद्यालय में जल का मुख्य रूप से उपयोग पेयजल और शौचालयों की साफ-सफाई के लिए किया जाता है। निरीक्षण दल ने इन सभी बिंदुओं पर जल के उचित उपयोग और उसके अनावश्यक बहाव को रोकने पर विशेष जोर दिया।

जागरूकता और सहभागिता: विद्यार्थियों और शिक्षकों ने मिलकर विद्यालय में पानी की बर्बादी को रोकने के व्यावहारिक उपायों पर चर्चा की।

विचारों की अभिव्यक्ति: इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य शिव प्रसाद यादव और इको क्लब प्रभारी कृष्ण कुमार अग्रवाल ने जल संरक्षण के महत्व पर अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि जल ही जीवन है और इसका संचयन आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। विद्यालय के समस्त स्टाफ ने भी इस अभियान में सक्रिय रूप से भाग लिया और जल बचाने का संकल्प लिया।

पं. विपिन बिहारी ने दिया सामाजिक समरसता और राष्ट्रभक्ति का संदेश

गोटेगांव, देशबन्धु । मणि नागेंद्र सिंह सैनिक स्कूल के समीप आयोजित श्रीमद्भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ के छठवें दिवस कथाव्यास पं. विपिन बिहारी जी महाराज ने श्रद्धालुओं को पारिवारिक एकता, सामाजिक समरसता और राष्ट्रभक्ति का अनमोल संदेश दिया। उन्होंने कहा कि समाज को जातिवाद से ऊपर उठकर राष्ट्र निर्माण के लिए आगे आना चाहिए।

मुख्य संदेश और बिंदु - राष्ट्रभक्ति सर्वोपरि: महाराज श्री ने कहा कि रामभक्ति के साथ राष्ट्रभक्ति भी उतनी ही आवश्यक है। जब राष्ट्र सुरक्षित रहेगा, तभी हमारी धर्म और संस्कृति सुरक्षित रह सकती है। रामायण के मंथरा प्रसंग का हवाला देते हुए उन्होंने समझाया कि ईर्ष्या, द्वेष और नकारात्मक सोच रिश्तों में दरार पैदा करती है। सुखी जीवन के लिए परिवार में आपसी विश्वास और प्रेम बनाए रखना जरूरी है।

हिंदू-मुस्लिम एकता: कथा के दौरान



भागवत कथा का समापन आज

मुस्लिम समाज के प्रतिनिधियों द्वारा व्यासपीठ पूजन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि यदि भारत का हिंदू स्वामी विवेकानंद और मुसलमान डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की राह पर चल पड़े, तो देश को कोई परास्त नहीं कर सकता।

प्रमुख हस्तियों और संगठनों की उपस्थिति - कार्यक्रम में विभिन्न सामाजिक संगठनों, व्यापारी संघों और जनप्रतिनिधियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और व्यासपीठ का पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। प्रमुख रूप से उपस्थित रहे: विवेक साहू (बंटी) - सांसद, छिंदवाड़ा, प्रहलाद सिंह पटेल - मंत्री, पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम विभाग, म.प्र. शासन, जालम सिंह पटेल - पूर्व राज्यमंत्री, संजय शर्मा - पूर्व विधायक, तेंदूखेड़ा, इंजीनियर सरदार सिंह पटेल - सचिव, मणि नागेंद्र सिंह फाउंडेशन, विभिन्न संगठन: मुस्लिम समाज गोटेगांव, स्वर्णकार समाज, राजपूत क्षत्रिय महासभा, लोधी क्षत्रिय महासभा, अनाज-दलहन-तिलहन व्यापारी संघ, सरपंच व सचिव संघ।

आज होगा समापन और विशाल भंडारे का आयोजन- श्रीमद्भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का समापन गुरुवार, 5 नवंबर को भव्य धार्मिक अनुष्ठानों के साथ संपन्न होगा । प्रात: 8:00 बजे: मूल पाठ स्थल पर पूजन एवं पाठ प्रारंभ। प्रात: 10:00 बजे: हवन का आयोजन। दोपहर 1:00 से 3:30 बजे तक: पं. विपिन बिहारी जी महाराज के श्रीमुख से अमृतवाणी। दोपहर 3:30 बजे के पश्चात: विशाल भंडारे का आयोजन रखा गया है।

दैनिक राशिफल

गुरुवार 05 नवंबर 2026 का पंचांग विक्रम संवत् 2083, शक संवत 1948 हिजरी 1447, कार्तिक कृष्ण पक्ष की एकादशी, नक्षत्र- उ.फा.

मेष - साहित्य और कला में रुचि रखने वालों के लिए आज का दिन शुभ है। स्नेहीजन के साथ हुई भेंट से आप का मन खुश रहेगा। दोपहर के बाद घर में शांतिपूर्ण वातावरण बना रहेगा।

वृषभ - आज माता के स्वास्थ्य के विषय में चिंता बनी रहेगी। स्थायी संपत्ति के काम आज टालें। दोपहर के बाद आप के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य में सुधार होगा।

मिथुन - किसी खास काम में सफलता मिलने से आपका मन प्रसन्न रहेगा। विरोधी भी आपसे पराजित होंगे। दोपहर के बाद घर में किसी विवाद का वातावरण बना रहेगा। **क. 278-789**

कर्क - आज आपका मन किसी उलझन में रहेगा, इससे आपको किसी विशेष काम करने में निराशा होगी। परिजनों के साथ तनावपूर्ण स्थिति बन सकती है।

सिंह - आज के दिन आप आत्मविश्वास से भरे रहेंगे। आज आप प्रत्येक कार्य दृढ़ निर्णय शक्ति से करेंगे। इससे सफलता मिलेगी। आपमें क्रोध की भावना थोड़ी रहेगी, इसलिए मौन बने रहें।

कन्या - आज आपका मन कुछ अधिक इमोशनल रहेगा। इमोशनल होकर किसी तरह का गलत निर्णय ना ले लें, इसका ध्यान रखें। आज चर्चा और वाद-विवाद से दूर रहें।

तुला - आज का दिन लाभ का बना हुआ है। व्यापार में आपको लाभ होगा। संतान के साथ संबंध अच्छे बने रहेंगे। दोपहर के बाद मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

वृश्चिक - दृढ़ मनोबल और आत्मविश्वास से प्रत्येक काम पूरे होंगे। व्यवसाय में भी आपकी प्रतिभा की प्रशंसा होगी। जॉब में अधिकारी आपके काम से खुश होंगे।

धनु - आप आज धार्मिक बने रहेंगे। किसी धार्मिक या मांगलिक प्रसंग पर जाने का अवसर मिल सकता है। आपका व्यवहार भी आज अच्छा रहेगा। गलत कामों से दूर रहेंगे।

मकर - आज संभलकर रहें। स्वास्थ्य के विषय में लापरवाह न रहें। नकारात्मक विचारों को खुद पर हावी न होने दें। इससे आपके बहुत से काम आसानी से बन जाएंगे।

कुंभ - आज साधारण सी बातों पर दांपत्यजीवन में विवाद हो सकता है। सांसारिक बातों में आपका मन नहीं लगेगा। अदालती कामकाज में संभलकर रहें।

मीन - आपका मन आज किसी चिंता में रहेगा। काम की सफलता में आपको विघ्न आएंगे। ऑफिस में साथियों की मदद नहीं मिलेगी। **मा. 389-267**

2,5,7,6,27,57,70,65,35,82,03

तैराकी स्पर्धा और प्रदर्शन में प्रतिभागियों ने दिखाया हुनर

बरघाट, सिवनी, देशबन्धु। मध्य प्रदेश स्थापना दिवस पर एक नवंबर को मप्र जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था मां शक्ति संस्थान पखारा, सेक्टर क्रमांक-4 और नगर विकास प्रस्फुटन समिति बरघाट के संयुक्त तत्वावधान में बेर तालाब में तैराकी प्रतियोगिता एवं प्रदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम सुबह 11 बजे प्रारंभ हुआ।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बरघाट विधायक कमल मर्सकोले उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में नगर परिषद बरघाट अध्यक्ष इमरता साहू, पवार समाज अध्यक्ष हरकचंद टेमरे, सांसद प्रतिनिधि गोमती ठाकुर, विधायक प्रतिनिधि, तुमेश बापचे, नगर परिषद उपाध्यक्ष ममता अनिल पाठक एवं जनपद पंचायत बरघाट के पूर्व अध्यक्ष प्रीतपाल बघेल उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता मप्र जन अभियान परिषद सिवनी के जिला समन्वयक राजेंद्र चौधरी ने की। इस अवसर पर पंचायत इंस्पेक्टर केवल सिंह परते एवं ब्लॉक



विजेताओं को किया गया पुरस्कृत, उत्कर्ष चौधरी तृतीय वर्ग में प्रथम स्थान पर रहे

समन्वयक शोभना ठाकरे, धनेंद्र कुमार साहू सेवानिवृत्त असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर सशस्त्र सीमा बल की भी विशेष उपस्थिति रही। मां शक्ति संस्थान के अध्यक्ष एवं जल योगाचार्य भारत लाल देशमुख ने तैराकी के महत्व पर प्रकाश डाला।

अतिथियों ने कहा कि कोई भी कला कभी बेकार नहीं जाती। इस अवसर पर विशेष सहयोगी मंडल अध्यक्ष एवं नगर परिषद बरघाट के सभापति हेमंत राहंगडाले ने आश्वस्त किया कि तैराकी प्रतियोगिता एवं प्रशिक्षण के लिए आवश्यक सहयोग प्रदान करते रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिला समन्वयक राजेंद्र चौधरी ने की। प्रतियोगिता को चार आयु वर्गों में विभाजित किया गया था, सभी वर्गों में फ्री स्टाइल की 50 मीटर तैराकी प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रथम वर्ग 5 से 10 वर्ष, प्रथम स्थान-काव्य पटले, द्वितीय स्थान-भौतिक ठाकुर, तृतीय स्थान-लय ठाकुर, द्वितीय वर्ग 10 से 15 वर्ष-प्रथम स्थान- अभिनव गेडाम। द्वितीय स्थान-शरद यादव, तृतीय स्थान-अक्षत ठाकुर। तृतीय वर्ग 15 से 20 वर्ष-प्रथम स्थान-उत्कर्ष चौधरी, द्वितीय स्थान-डेविड ठाकुर तृतीय स्थान-प्रकाश शरणागत। चतुर्थ वर्ग 20 से 30 वर्ष-प्रथम स्थान अंकित शरणागत, द्वितीय स्थान-अभिषेक शरणागत, तृतीय स्थान-अंश उपाध्याय ने प्राप्त किया।

उप स्वास्थ्य केंद्रों की स्वास्थ्य सेवाएं बेपटरी, मरीज हो रहे हैं परेशान

गोटेगांव, देशबन्धु । सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में नियमों को ताक पर रखकर अन्य स्वास्थ्य संस्थानों से संबद्ध किए गए लगभग 10 से 15 (कुल 19 से अधिक) कर्मचारियों की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े होने लगे हैं। विभागीय सूत्रों के अनुसार, इन कर्मचारियों में स्टाफ नर्स, मल्टी पर्पस हेल्थ वर्कर, एएनएम और अन्य स्वास्थ्यकर्मी शामिल हैं, जिनकी वास्तविक पदस्थापना श्रीनगर, बरहेटा और अन्य ग्रामीण उप स्वास्थ्य केंद्रों में है।

ग्रामीण इलाकों में बदतर हुई स्वास्थ्य व्यवस्था - लंबे समय से इन कर्मचारियों के गोटेगांव सामुदायिक केंद्र में संबद्ध रहने के कारण इनके मूल कार्यक्षेत्र यानी ग्रामीण उप स्वास्थ्य केंद्रों की स्वास्थ्य सेवाएं पूरी तरह से चरमरा गई हैं। ग्रामीण मरीजों को छोटी-छोटी स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए भी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, जिससे स्थानीय ग्रामीणों में रोष व्याप्त है।

आयुक्त के सख्त निर्देशों के बाद कार्रवाई की उम्मीद - हाल ही में भोपाल में आयोजित एक उच्चस्तरीय बैठक में लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के आयुक्त द्वारा इस प्रकार के सभी संबद्धीकरण को तत्काल प्रभाव से समाप्त करने के स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं। इन कड़े निर्देशों के सामने आने के बाद अब स्वास्थ्य विभाग द्वारा इन संबद्ध कर्मचारियों को उनकी मूल पदस्थापना वाले ग्रामीण केंद्रों पर वापस भेजने की प्रशासनिक कार्रवाई की प्रतीक्षा की जा रही है।